Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:03 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 91 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 26 सितम्बर 2026



जेलर 2: रजनीकांत की फिल्म...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### छह माह तक राशन न लेने वालों के कार्ड होंगे निरस्तः बिष्ट

नैनीताल । जन-जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को बेतालघाट विकास खण्ड के न्याय पंचायत दाड़िमा के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज ऊँचाकोट बेतालघाट में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में खाद्यए नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में माह अकटूबर तक का राशन विभिन्न उचित दर विक्रेताओं की दुकानों से बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन के आधार पर राशन कार्ड धारकों को मुहैया करवाया जा रहा है, सभी राशनकार्ड धारकों को 30 सितंबर से पहले राशन उठान करना अनिवार्य है इसके बाद माह अकटूबर का राशन दिया जाना संभव नहीं होगा। बिष्ट के मुताबिक शासन के निर्देशानुसार ऐसे सभी राशन कार्ड धारकों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने विगत 6 माह से राशन कार्ड पर राशन का उठान नहीं किया गया है इन राशन कार्डो को विभाग द्वारा चिन्हित कर निरस्त करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है इसलिए सभी राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड पर अवश्य राशन प्राप्त कर लें ।

### बिहार में नाबालिग से फिर बदसलूकीः आया हैरान कर देने वाला वीडियो

बिहार। समस्तीपुर जिले में नाबालिग युवतियों से मारपीट और बदसलूकी से जुड़े वीडियो सामने आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले तीन दिनों के भीतर जिले से ऐसा तीसरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नया मामला जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक नाबालिग लड़की को घेरकर उसके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में लोगों को लड़की का दुपट्टा खींचते और उसका हाथ मरोड़ते हुए भी देखा जा रहा है। वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल है।

# मंदिर के कीर्तन से चीन के मंच तक, घुंघरुओं ने दिखाई राह

नैनीताल

अफ़ज़ल हुसैन फौजी

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में खिलौने होते हैं, उस उम्र में आशीष सिंह के पैरों में घुंघरुओं की छनक बसने लगी थी। मंदिरों में होने वाले कीर्तन और संगीत कार्यक्रमों के बीच उनका मन नृत्य में रमने लगा। परिवार के कुछ लोगों को उनका नृत्य करना पसंद नहीं था। दादाजी की नाराजगी के साथ उन्हें ताने सुनने पड़े और डांट-पिटाई तक सहनी पड़ी, लेकिन कथक सीखने की ललक कभी कम नहीं हुई। यही जुनून आज उन्हें देश से लेकर चीन तक कथक के मंचों पर पहचान दिला चुका है। वृंदावन में पिछले करीब दस वर्षों



से कथक की साधना कर रहे वाराणसी निवासी युवा कलाकार आशीष सिंह इन दिनों नैनीताल पहुंचे हैं। उनका उद्देश्य पहाड़ की नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से तल्लीताल स्थित वृंदावन स्कूल में 25 से 29 सितंबर तक निशुल्क कथक कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

**चीन समेत कई देशों में दी प्रस्तुतियां:** आशीष इलाहाबाद, मुंबई, पुणे, कोलकाता और लखनऊ सहित देश के कई शहरों में कथक की प्रस्तुतियां दे चुके हैं। इसके अलावा चीन समेत विदेशों में भी उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उनका कहना है कि कथक को केवल बड़े शहरों और बड़े मंचों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। देश के दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं तक भी इस कला को पहुंचाना जरूरी है।

### 2500 से अधिक लोगों को दे चुके प्रशिक्षण

आशीष अब तक करीब 2500 लोगों को कथक का प्रशिक्षण दे चुके हैं। नैनीताल की निशुल्क कार्यशाला भी इसी उद्देश्य की कड़ी है। उनका कहना है कि युवा पीढ़ी भारतीय शास्त्रीय नृत्य को सीखेगी और समझेगी तो कथक की परंपरा आगे भी जीवित रहेगी। कभी परिवार की नाराजगी और डांट-पिटाई के बीच शुरू हुआ उनका नृत्य का सफर आज देश-विदेश के मंचों तक पहुंच चुका है। हालांकि आशीष के लिए अब मंच की चमक से ज्यादा महत्वपूर्ण साधना है। वह कहते हैं कि पहले बड़े मंचों पर प्रस्तुति देना उनके सफर का हिस्सा था, लेकिन अब श्री राधारमण को अपनी कला से प्रसन्न करना ही उनकी साधना का प्रमुख उद्देश्य है।

### जन्म के बाद कथक से जुड़ा पहला संयोग

आशीष का जन्म वाराणसी के कबीरचौरा में हुआ। वह बताते हैं कि बचपन में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान कथक नृत्यांगना सरला नारायण सिंह ने उन्हें गोद में लेकर होली नृत्य प्रस्तुत किया था। आशीष मानते हैं कि शायद उसी क्षण उनके जीवन में कथक के बीज पड़े. बचपन में मंदिरों में होने वाले कीर्तन के दौरान वह नृत्य किया करते थे। हालांकि परिवार के सभी लोगों को उनका यह शौक पसंद नहीं था। दादाजी की नाराजगी के बावजूद मां और दादी ने उनका साथ दिया। लोकगीतों से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे कथक की साधना में बदल गया।

कई जिलों में भारी बारिश का रेड-ऑरेंज अलर्ट

# उत्तराखंड के उच्च पर्वतीय क्षेत्र में बर्फबारी से कड़ाके की ठंड

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के हेमकुंड साहिब में मौसम खराब होने के बाद से लगातार बर्फबारी हो रही है। इस बर्फबारी के कारण धाम में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं, उत्तराखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 26 से 28 सितंबर तक मानसून गतिविधि की चेतावनी दी है। विभाग के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि मौजूदा मौसमी प्रणालियों के चलते 26 से 27 सितंबर को पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वर्तमान विश्लेषण के अनुसार दक्षिण ओडिशा व उससे सटे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर बना अवदाब पिछले छह घंटों में 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढा है। 26 सितंबर को बागेश्वर, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत व ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी



और कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग व अल्मोड़ा में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

27 सितंबर को देहरादून, टिहरी, हरिद्वार व पौड़ी में भारी से बहुत भारी व कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि नैनीताल, उत्तरकाशी, चमोली व रुद्रप्रयाग में भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ 30-40 किमी की हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 28 सितंबर को उत्तरकाशी, हरिद्वार व देहरादून में कहीं-कहीं भारी वर्षा व गर्जन के साथ तीव्र दौर की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेताया है कि संवेदनशील इलाकों में हल्के से मध्यम भूस्खलन, चट्टान गिरने से सड़कें-राजमार्ग अवरुद्ध हो सकते हैं। बिजली-पानी जैसी सामुदायिक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा नदियों के जल स्तर में वृद्धि, नालों में अचानक बाढ़, निचले इलाकों में जलभराव, कच्चे मकानों, पुलों व निर्माणाधीन भवनों को नुकसान की आशंका है।

# आग बुझाने वालों के लिए अब बनेगा अपना आशियाना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दूसरों के घरों और शहर को आग से बचाने के लिए हर वक्त दौड़ने वाले फायरकर्मियों के लिए अब अपने सिर पर छत का इंतजाम होने जा रहा है। हल्द्वानी फायर स्टेशन परिसर में फायर सर्विस के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित आवासीय भूमि पर शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया।

फायर सर्विस के कर्मचारी अग्निकांड से लेकर आपदा और दूसरी आपात परिस्थितियों में तत्काल मोर्चे पर पहुंचते हैं। ड्यूटी की संवेदनशीलता और 24 घंटे तैयार रहने की जरूरत को देखते हुए उनके लिए सुविधाजनक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने को कर्मचारी कल्याण की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है।

फायरकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जिंदगी और संपत्ति बचाने में जुटे रहते हैं। ऐसे में उनके लिए कार्यस्थल के नजदीक बेहतर आवासीय सुविधा मिलने से न केवल उनकी दिनचर्या आसान होगी, बल्कि आपात स्थिति में तत्काल उपलब्धता भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

भूमि पूजन के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी नैनीताल गौरव किरार, फायर स्टेशन ऑफिसर हल्द्वानी मिन्दर पाल समेत फायर स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

भूमि पूजन के साथ ही प्रस्तावित आवासीय व्यवस्था को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। फायर सर्विस के जवानों के लिए यह पहल सिर्फ भवन निर्माण नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए सम्मान और सुविधा की दिशा में कदम है, जो संकट की घड़ी में सबसे पहले मोर्चे पर पहुंचते हैं।



# हड़ताल से पहले रविवार को खुलेंगे बैंक, ग्राहकों को मिली बड़ी राहत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लगातार तीन दिन बैंक हड़ताल की मार झेलने से पहले ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित बैंक हड़ताल को देखते हुए इस रविवार बैंक शाखाएं खुली रहेंगी।

यानी छुट्टी के दिन भी ग्राहक बैंक पहुंचकर जरूरी काम निपटा सकेंगे। एटीएम लिंक शाखाओं समेत संबंधित बैंकिंग सेवाएं भी संचालित रखने की व्यवस्था की गई है। बैंक यूनियनों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर 28 से 30 सितंबर तक तीन दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। इसके साथ ही शनिवार और रविवार के अवकाश के कारण बैंकिंग सेवाओं पर लगातार कई दिनों तक असर पड़ने की आशंका थी। इसी को देखते हुए रविवार को बैंक शाखाएं खोलने का निर्णय लिया गया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के संयोजक इंद्र सिंह रावत के मुताबिक 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल के दौरान शाखाओं में नकद लेनदेन समेत कई बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। ऐसे में ग्राहकों से अपील की गई है कि वे जरूरी बैंकिंग कार्य रविवार को ही निपटा लें, ताकि हड़ताल के दौरान परेशानी से बचा जा सके। तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान ग्राहकों को एटीएम लेनदेन में राहत मिलने की बात कही गई है। 28 से 30 सितंबर के बीच किसी भी बैंक के एटीएम से नकदी निकालने पर अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि, ग्राहकों को सलाह दी गई है कि लगातार कई दिनों तक बैंकिंग सेवाओं पर संभावित असर को देखते हुए अपनी जरूरी नकदी और बैंकिंग जरूरतों की पहले से तैयारी कर लें।

### नगालैंड : जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत

नई दिल्ली। नगालैंड में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है। राज्य में 1990 से शराबबंदी लागू है। वहीं, पुलिस ने मिलावटी शराब की सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एक टीम बनाई है। पुलिस ने बताया कि पिछले दो दिनों में मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत हुई है, जिन्होंने कथित तौर पर अवैध शराब पी थी। सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) वेसुप्रा केजो ने शनिवार को बताया कि इन मौतों की जांच करने और मिलावटी शराब के स्रोत और सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एएसपी) आई. बुंगलांग चांग की अगुवाई में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है।

# वकीलों ने सरकार के सामने खोला मांगों का पिटारा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अधिवक्ताओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक संरक्षण से जुड़े मुद्दों को लेकर बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य एडवोकेट राजन सिंह मेहरा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मांगों में अधिवक्ताओं के लिए 10 लाख रुपये का कैशलेस मेडिक्लेम, आकस्मिक मृत्यु पर 25 लाख रुपये का डेथ क्लेम और 65 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन की मांग प्रमुख रही।

मेहरा ने मुख्यमंत्री को बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी और सुरक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी तर्ज पर उत्तराखंड के अधिवक्ता समाज के लिए भी सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं के लिए 10 लाख रुपये का कैशलेस मेडिक्लेम लागू करने की मांग की गई है। इसके साथ ही आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में परिवार को 25 लाख रुपये का डेथ क्लेम दिए जाने की मांग रखी गई।

65 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल की तर्ज पर पेंशन, नए अधिवक्ताओं को शुरुआती आर्थिक सहायता तथा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्हें स्वास्थ्य, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी संरक्षण मिलने से वे अधिक निश्चिंत होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इससे न्याय व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की बात कही गई।

### मुख्यमंत्री ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा

मुख्यमंत्री ने मांग पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही और अधिवक्ताओं के हित में जल्द उचित निर्णय लेने का सकारात्मक आश्वासन दिया। अब नजर इस बात पर है कि पांच सूत्रीय मांगों में से किन प्रस्तावों पर सरकार आगे कदम बढ़ाती है।

# मानदेय नहीं बढ़ने से भोजनमाताओं का फूटा गुस्सा,सीएम को भेजा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता




आवश्यक खाद्य वस्तुओं, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर प्रगतिशील भोजनमाता संगठन उत्तराखंड ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आम जनता और भोजनमाताओं को महंगाई से राहत देने की मांग की है।

संगठन ने कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर मजदूर, मेहनतकश और कम आय वाले परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है।

संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कुछ समय से आटा, दाल, खाद्य तेल, चावल व सबजियों, मसालों, दूध, गैस सिलेंडर के साथ ही यातायात के किराये समेत रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके विपरीत मजदूरों, कर्मचारियों, छोटे किसानों, घरेलू कामगारों, भोजनमाताओं,आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आउटसोर्स कर्मचारियों की आय में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हुई है। इससे निमन और मध्यम आय वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।ज्ञापन में कहा गया कि भोजनमाताएं विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं लेकिन उन्हें मिलने वाला मानदेय बहुत कम है। महंगाई बढ़ने के कारण उनके लिए अपने परिवार के राशनए बच्चों की पढ़ाई. दवा और अन्य जरूरी खर्चों का प्रबंध करना मुश्किल हो गया है। संगठन ने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर परिवारों के भोजन और बच्चों के पोषण पर पड़ रहा है।

## पालतु कुत्ते ने आठ वर्षीय बच्ची के सिर पर किया हमला

नैनीताल । घर के बाहर खेल रही आठ वर्षीय बच्ची पर पालतु कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। कु त्ते ने बच्ची के सिर पर काट लिया जिससे उसके सिर में गहरा घाव हो गया। घटना के बाद परिजन आनन.फानन में बच्ची को बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।

जानकारी के अनुसारए दिव्यांशी (8) खेल रही थी। इसी दौरान घर में पाले गए कुत्ते ने उस पर हमला करते हुए सिर पर काट लिया। बच्ची के घायल होने पर परिजन उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने बच्ची के सिर में हुए गहरे घाव का उपचार किया और उसे एंटी रैबीज का टीका लगाया। बीडी पांडे अस्पताल की चिकित्सक डॉ. द्रौपदी गर्बियाल ने बताया कि बच्ची के सिर में गहरा घाव था। उसका उपचार करने के साथ ही एंटी रैबीज का टीका लगाया गया। उपचार के बाद बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी।



## कृष्णापुर के वाशिदों ने मार्ग निर्माण को लेकर किया प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के संवेदनशील बलियानाला से लगे कृष्णापुर क्षेत्र के लोगों ने मार्ग निर्माण की मांग को लेकर तल्लीताल गांधी चौक में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2018 में बलियानाले में हुए भूस्खलन के बाद क्षेत्र के लोगों का मुखय मार्ग बंद हो गया है। बार.बार मार्ग निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बावजूद भी मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। वक्ताओं ने कहा कि करीब नौ वर्ष से लोग मार्ग से महरूम हैं। नैनीताल वार्ड में होने के बावजूद भी लोगों को शहर तक पहुंचाने के लिए वाया नंबर वन से ज्योलीकोट होते हुए आना पड़ता है।

इससे कृष्णापुर की चार हजार लोगों की आबादी मुखय संपर्क मार्ग से महरूम हैं। प्रदर्शनकारियों में डीएन भट्ट, कैलाश अधिकारी, रेखा जोशी, मोहन नेगी समेत कई क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया

भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के० स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। सेवा, एकता और प्रगतिश् विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा एवं सामाजिक जिमेदारी के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुखय अतिथि प्रो. एल. एम. पांडे पूर्व एनएसएस समन्वयक, कुमाऊं क्षेत्र एवं वरिष्ठ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रो. संदीप कुमार बुधानी, एवं पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रहे।मुखय अतिथि प्रो. पांडे ने निस्वार्थ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक जिमेदारी, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनएसएस के आदर्श वाकय मैं नहीं आप पर आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। एनएसएस इकाई द्वारा वर्षभर चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियानए रक्तदान शिविर तथा यातायात नियमए नशा मुक्तिए साक्षरता और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया गया।

## कुविवि के उत्तरोत्तर प्रगति में वीसी व रजिस्ट्रार का अहम योगदान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के नवनियुक्त कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट के कार्यभार ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है साथ ही सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के प्रभारी कुलपति प्रो प्रवीण बिष्ट को भी बधाइयां दी हैं।

संगठन ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर प्रो रीतेश साह की नियुक्ति किए जाने पर भी खुशी जाहिर की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण रौतेला और मुखय संरक्षक भूपाल सिंह करायत ने प्रो सतपाल बिष्ट के कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में कार्यभार ग्रहण करने को ऐतिहासिक बताया है और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहली बार किसी उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी के रूप में विश्वविद्यालय के ही विद्वान प्राध्यापक को विश्वविद्यालय का नेतृत्व मिलना गर्व का विषय है। संगठन ने उनके नेतृत्व में कुमाऊं विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति का विश्वास व्यक्त किया और प्रो बिष्ट के सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी वहीं कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर सुप्रसिद्ध इतिहासकार,अनुभवी प्राध्यापक और एनसीसी लेफ्टिनेंट प्रो. रीतेश साह को विश्वविद्यालय के कुलसचिव का दायित्व प्रदान करने पर भी खुशी जाहिर की और उनके सफल कार्यकाल हेतु बधाई दी। संगठन ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के वरिष्ठ प्राध्यापक और परिसर निदेशक प्रो प्रवीण बिष्ट को विश्वविद्यालय का प्रभारी कुलपति बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है।



# NEWS / फटाफट

## धार्मिक अनुष्ठानों के साथ दुर्गा प्रतिमा निर्माण शुरु



नैनीताल । नैनीताल में 70वें दुर्गा पूजा महोत्सव 16 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए तैयारियां जोर.शोर से चल रही हैं। सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के महामंत्री उमेश मिश्रा ने बताया कि जल्द मूर्ति कार्य शुरू कर दिया जाएगा।जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर सर्वजननी दुर्गा पूजा कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में नैना देवी मंदिर प्रांगण में कमेटी के पदाधिकारियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण के लिए विधिवत पूजन कर शुभारंभ कर दिया है।इस दौरान मूर्तिकार कानुसुन्दर राय समेत प्रेम कुमार शर्मा, दीपक गुरुरानी, किशन सिंह अधिकारी, आलोक शाह, टीके भट्टाचार्य तथा दिनेश चंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

## प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया नारायण आश्रम में पौधरोपण

नैनीताल। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 801वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 801वे दिन डीडीहाट के नारायण नगर स्थित नारायण आश्रम परिसर में मंदिर के प्रमुख व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे व पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया मेहता के नेतृत्व में पौधारोपण किया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मिनिस्ट्रीयल कर्मियों का धरना

नैनीताल । उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसियेशन की प्रान्तीय कार्यकारणी द्वारा घोषित आन्दोलन कार्यक्रम में सहभागिता एवं आन्दोलन को सफल एंव लंबित मागों के शीर्ष कियावयन हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संयोजक मण्डल के संयाजक श्री हिमेश चन्द्र सनवाल एवं श्री हयात चन्द्र आर्या के नेत्रत्व में जिलाधिकारी कार्यालय प्रागण में उप जिलाधिकारी को 12 सूत्रीय मागों के संबंध में ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस मौके पर फैडरेशन के घटक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें। मंच का संचालन श्री हयात चन्द्र आर्या द्वारा किया गया। इस दौरान हिमेश चन्द्र सनवाल, हयात चन्द्र आर्या, हरीश चन्द्र कफल्टिया, विजय गड़िया, मुकेश कुमार, नीटू विशाल शर्मा, कमल उपाध्याय, कमल भाकुनी, कंचन कुमार आर्या, प्रशान्त कुमार आर्या आदि ने विचार रखे।

## श्रद्धा एवं आस्था का महालय पक्ष श्राद्ध आज सेःआचार्य जोशी

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव के आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा आश्विन मास के कृष्ण पक्ष को महालय पक्ष कहते हैं। माना जाता है कि इस पक्ष में पितृ गण स्वर्ग लोक से भूलोक में भ्रमण करने आते हैं। भाद्रपद शुकल पूर्णिमा एवं आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की 15 तिथियां मिलकर 16 श्राद्ध माने गए हैं। इस बार 26 सितंबर (आज) से 10 अकटूबर तक सोलह श्राद्ध हैं। इसी क्रम में 26 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध,27 सितंबर को प्रतिपदा श्राद्ध, 28 को द्वितीय श्राद्ध, 29 को तृतीय श्राद्ध, 30 सितंबर को चतुर्थी एवं पंचमी श्राद्ध. 1 अकटूबर को षष्ठी श्राद्ध. 2 अकटूबर को सप्तमी श्राद्ध, तीन को अष्टमी श्राद्ध (अष्टका), 4 अकटूबर को नवमी श्राद्ध (अनवष्टका), पांच को दशमी श्राद्ध, 6 को एकादशी श्राद्ध (इंदिरा एकादशी), सात को द्वादशी श्राद्ध, आठ को त्रयोदशी श्राद्ध तथा 9 अकटूबर को चतुर्दशी श्राद्ध अर्थात जिनकी मृत्यु अस्त्र.शस्त्र आदि से हुई हो या सड? दुर्घटना आदि में हुई हो तथा 10 अकटूबर को पितृ विसर्जन अमावस और जिन्हें श्राद्ध की तिथि ज्ञात न हो।हिंदू धर्म में इन दिनों का विशेष महत्व माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं। और आशीर्वाद प्रदान करते हैं।ब्रह्म पुराण के अनुसार श्राद्धं न कुरु ते मोहात तस्य रक्तं पिवन्ति ते अर्थात जो संतानें इन 16 दिनों के मध्य श्राद्ध नहीं करते बाध्य होकर पितरों को सगे संबंधियों का रक्तपान करना पड़ता है।

## खेती, पशुपालन, मत्स्य और मधुमक्खी पालन से जुड़ी चुनौतियों साझा किए शोध आधारित सुझाव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पटवाडांगर में आयोजित छठे बायोटेनोलॉजी कॉन्लेव में देश.विदेश से पहुंचे वैज्ञानिक, शोधार्थी और विद्यार्थी जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नए शोध और उनके व्यावहारिक उपयोग पर चर्चा कर रहे हैं। तीन दिवसीय आयोजन में दूसरे दिन किसानों की समस्याओं के समाधान और शोध को खेती.किसानी से जोडने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

कॉनकलेव में प्लांट, एनिमल और ह्यूमन बायोटेनोलॉजी से जुड़े विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों से पहुंचे शोधार्थी अपने शोध और तकनीकी अनुभव साझा कर रहे हैं। इस दौरान सबजी उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमखी पालन में किसानों को आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की जा रही है। संस्थान के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि वैज्ञानिक किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। उद्देश्य है कि जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े शोध और नई तकनीकों के जरिये किसानों को व्यावहारिक समाधान मुहैया कराए जा सकें। बताया कि कॉन्लेव में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता भी देखने को मिल रही है। सैंट पीटर्सबर्ग स्टेट वेटरनरी यूनिवर्सिटी रूस के साथ एमओयू किया गया है। विश्वविद्यालय के वाइस डायरेटर डॉण् सर्जी और सैंट पीटर्सबर्ग की डॉण् वैलेरिया ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अलावा सोमालिया से शोध कर रहे विद्यार्थी भी कॉन्लेव में शामिल हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत विभिन्न देशों के वैज्ञानिक ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान दे रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शोध एवं अनुभवों से जुडने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान संस्थान के प्रभारी डॉ सुमित पुरोहित, डॉ. उदयवीर तथा जगधारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## खूपी में किंग कोबरा दिखने से दहशत

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती खूपी गांव के आवासीय क्षेत्र में किंग कोबरा दिखाई देने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। क्षेत्र में लगातार किंग कोबरा दिखाई देने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग से उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने की मांग की है।

स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि बरसात के बाद क्षेत्र में घास काफी बढ़ गई है। अगले महीने से महिलाएं जंगल और आसपास के क्षेत्रों में घास कटाई शुरू करेंगी। ऐसे में किंग कोबरा की मौजूदगी से लोगों को अनहोनी का डर सता रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार किंग कोबरा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। इस संबंध में वन विभाग को भी सूचित कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। वन विभाग की ओर से क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि किंग कोबरा के आवासीय क्षेत्र में दिखाई देने पर उसका सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे उपयुक्त प्राकृतिक स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## समाज की जिम्मेदारी

*मनुष्य कितने ही बड़े पद अथवा समूह का हिस्सा बन जाये, लेकिन परिवार व समाज से जुड़ा होना महत्वपूर्ण होता है। आत्महत्या करने की घटनाओं में अचानक वृद्धि चिंताजनक है। बुजुर्ग ही नहीं, छात्र और युवा भी खुदकुशी कर रहे हैं। अपनी जान खुद ले लेना आसान नहीं है, फिर भी लोग ऐसा कर रहे हैं तो प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसा क्यों? उच्च पदों पर रहे सेवानिवृत्त अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर आदि द्वारा आत्मघाती कदम उठाने से समाजशास्त्री सोचने को मजबूर हो गये हैं।*

शासकीय व अशासकीय संगठनों, धर्म व जाति आधारित संस्थाओं की भरमार है। बड़े समूहों में शामिल होने पर लोग गर्व करते हैं। मनुष्य कितने ही बड़े पद अथवा समूह का हिस्सा बन जाये, लेकिन परिवार व समाज से जुड़ा होना महत्वपूर्ण होता है। आत्महत्या करने की घटनाओं में अचानक वृद्धि चिंताजनक है। बुजुर्ग ही नहीं, छात्र और युवा भी खुदकुशी कर रहे हैं। अपनी जान खुद ले लेना आसान नहीं है, फिर भी लोग ऐसा कर रहे हैं तो प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसा क्यों? उच्च पदों पर रहे सेवानिवृत्त अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर आदि द्वारा आत्मघाती कदम उठाने से समाजशास्त्री सोचने को मजबूर हो गये हैं। मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त 75 वर्षीय आईएएस ने खुदकुशी कर ली। सोसाइड नोट में अकेलेपन का कारण बताया। उनकी पत्नी भी सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं, लेकिन उनके साथ नहीं रहती थीं। बेटा भी अलग रहता था। इस मामले को पारिवारिक समस्या बताया जा सकता है। परिवार से अलग-थलग व्यक्ति को यदि उसके निकट रहने वाले समाज का सहयोग, सहानुभूति मिले तो वह आत्महत्या को मजबूर नहीं हो। खुद की जान देकर मरना बेहद कठिन कार्य है। आत्महत्या से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता है। ऐसी स्थिति में समाज को आगे आने की जरूरत है। यदि हमारा समाज आत्महत्या की घटनाओं को रोकना चाहता है तो उसे निकटवर्ती लोगों से जुड़ाव बढ़ाना होगा। समाज में संवाद और सम्पर्क की स्थिति को व्यापक बनाना होगा। समाज के सदस्यों में जुड़ाव ऐसा हो कि किसी को अकेलेपन का अनुभव न हो। दरअसल मृत्यु शाश्वत सत्य है, परन्तु मरने से पहले प्रकृति का सौंदर्य और ईश्वर से मिली जिंदगी रूपी अमूल्य वरदान तथा जीवन के कर्तव्य निभाना मनुष्य का दायित्व है। जीवन को आत्महत्या से खत्म करना पाप है। हत्या अपराध है तो आत्महत्या भी कम नहीं है। आधुनिकता और भौतिक सुविधाओं के उपभोग की अंधी दौड़ में समाज के बहुत से लोग बाहरी मुखौटा तथा नकली हंसी से खुश रहने का दिखावा करते हैं, जबकि विषम परिस्थितियों के कारण अंदर से टूटे, निराश, अवसाद से ग्रस्त होकर अकेले होते हैं। जीवन के रहस्य के मामले में अशिक्षित व्यक्ति को अज्ञानी कहा जा सकता है, परन्तु उच्च शिक्षित व्यक्ति द्वारा जीवन के महत्व से अनभिज्ञ होना स्वीकार नहीं किया जा सकता। कानून ऐसी घटनाओं को नहीं रोक सकता। समाज को जिम्मेदारी निभानी होगी।

# सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करें: डीएम रयाल

## त्योहारी सीजन के दृष्टिगत यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में सड़क सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीएम कैंप कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था तथा सड़कों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 अक्टूबर तक जनपद की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करते हुए सड़कों को स्मूथ एवं आवागमन के अनुकूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर सड़कों पर मिट्टी जमा है अथवा सड़क निर्माण /मरम्मत के कारण मिट्टी सड़क पर आ रही है, वहां विशेष ध्यान देते हुए तत्काल सफाई एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारी सीजन प्रारंभ होने वाला है और आने वाले समय में



जनपद में नागरिकों एवं पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। ऐसे में सड़क एवं यातायात व्यवस्था बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण जनपद की छवि पर किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव न पड़े। उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में सड़क सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है।जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ब्लैक स्पॉट, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों तथा यातायात दबाव वाले स्थानों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। बैठक में हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में नियमानुसार मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनपद के सभी अस्पतालों को भी आवश्यक जानकारी एवं जागरूकता उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र परिवारों को सहायता प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सड़क निर्माण एवं रखरखाव से जुड़े विभागों के अभियंताओं को सड़क की गुणवत्ता, जल निकासी, गड्ढों, मिट्टी एवं अन्य संभावित दुर्घटना कारकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

## भीमताल की 173 लाख की पेयजल योजना पर शासन में अटकी फाइल

**भीमताल।** भीमताल के हिडिंबा आश्रम क्षेत्र के लिए स्वीकृत 173 लाख की पेयजल योजना की फाइल शासन में 8 माह से अटकी पड़ी है। शासन स्तर पर व्यय वित्त समिति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी शासनादेश जारी नहीं होने से टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी पिछले 3 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनके प्रयासों के बाद ही शासन ने 24 जनवरी 2026 को सीएम हेल्पलाइन 1905 के माध्यम से लिखित रूप से स्वीकार किया था कि योजना की शासन को प्राप्त हो गई है। जल संस्थान के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि लिखित की थी लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी स्वीकृति जारी न होने से लगता है योजना ठंडे बस्ते में न चली जाए इस संबंध में पूरन बृजवासी ने पेयजल सचिव को पत्र भेजकर मांग की है कि जनहित और पेयजल संकट को देखते हुए हिडिंबा आश्रम पेयजल योजना का तत्काल जारी किया जायेए जिससे टेंडर लगकर धरातल पर कार्य शीघ्र शुरू हो सके उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र जारी नहीं हुआ तो ग्रामीणों एवं आश्रम से जुड़े लोगों के साथ उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## हल्द्वानी की प्राचीन रामलीला में ध्वज स्थापना कार्यक्रम संपन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री रामलीला कमेटी संचालन समिति 2026 श्रीरामला मैदान द्वारा आज श्री रामलीला मंचन के निमित्त आज ध्वज स्थापना पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ पूजन में कमेटी के रिसीवर संरक्षक नगर मजिस्ट्रेट, नगर महापौर गजराज बिष्ट पूर्व महापौर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट प्रदीप बिष्ट यजमान रहे एवं मनोज कुमार गुप्ता, विवेक कश्यप रहे तनुज गुप्ता। पंडित गोपाल दत्त शास्त्री ने पूजन कराया । पूजन के उपरांत हनुमान ध्वज का पूजन कर स्थापित किया गया । संचालन समिति सदस्य तनुज गुप्ता ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ 7 अक्टूबर को गणेश पूजा के साथ होगा, एवं 11 अक्टूबर प्रथम नवरात्रि के दिन राम बारात होगी राम बारात की सेवा सहयोगी संस्था प्राचीन शिव सेवा समिति को दी गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वेद प्रकाश अग्रवाल एन बी गुणवन्त, प्रदीप जनोटी विजय अग्रवाल अतुल अग्रवाल तनुज गुप्ता हरिमोहन अग्रवाल अजय रजोर अमित जोशी भोलानाथ केसरवानी , हरिमोहन अरोड़ा रूपेंद्र नगर डीके गुप्ता सुरेश चंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



## दुकान से सामान लेने निकली 14 साल की किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** घर के पास स्थित दुकान से सामान लेने निकली किशोरी अचानक लापता हो गई। घंटों इंतजार के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार ने मुखानी पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर में किशोरी अपने छोटे भाई को घर के पास की दुकान से सामान लेकर लौटने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं पहुंची। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की। परिवार ने रिश्तेदारी और जान-पहचान के लोगों से भी जानकारी जुटाई, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने मुखानी थाने में तहरीर देकर किशोरी को तलाशने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# फिल्मी दुनिया

## जेलर 2: रजनीकांत की फिल्म का गाना हुआ रिलीज



*साल 2023 में आई एक्शन-कॉमेडी फिल्म जेलर को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब मेकर्स लगभग तीन साल बाद इसका दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 का नया गाना वन सन, वन मून रिलीज हो गया है।*

*रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 अगले महीने अक्टूबर में रिलीज होने के लिए तैयार है। ऐसे में फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स लगातार इसके गाने जारी कर रहे हैं। हाई-एनर्जी गाने अला बोलेलो के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना वन सन, वन मून का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।*

*वन सन, वन मून में रजनीकांत की विरासत और उनके स्टारडम को दिखाया गया है। इस लिरिकल वीडियो में जेलर के सीक्वल से रजनीकांत की कुछ नई झलकियां भी देखने को मिलती हैं। रजनीकांत की फिल्म के नए गाने वन सन, वन मून को देखने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने अलग-अलग रिएक्शन भी दिए हैं। एक शख्स ने लिखा, थलाइवर की बात हो तो अनिरुद्ध पागल हो जाते हैं। एक अन्य ने लिखा, वन सन, वन मून, वन अनिरुद्ध। तीसरे यूजर ने लिखा, रोंगटे खड़े होना तय है।*

### कब रिलीज होगी

- *जेलर 2 का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है।*
- *इसे सन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है।*
- *फिल्म में रजनीकांत के अलावा शिवराज कुमार, विद्या बालन, राम्या कृष्णन, योगी बाबू, मिर्ना और सूरज वेंजारामूडु भी नजर आएंगे।*
- *यह फिल्म 15 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।*

## नंदा देवी महोत्सव के सफल आयोजन को श्री राम सेवक सभा ने जताया आभार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाडी ने नैनीताल में आठ दिवसीय 124वें श्री नंदा देवी महोत्सव के भव्य व दिव्य तरीके से समापन पर सभी का विशेष आभार जताया है।

सभा परिवार के दोनों सदस्यों ने सभा परिवार की ओर से सीएम पुष्कर सिंह धामी,सांसद अजय भट्ट ,विधायक सरिता आर्य, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है । सभा ने आयुक्त दीपक रावत, आईजी निवेदिता कुकरेती, एसएसपी डॉ मंजूनाथ, एसडीएम मेला अधिकारी नवाजिश खलिक, अनुराग आर्य,एएसपी डॉ जगदीश चंद्र, आर डी मठपाल, सी ओ अंजना नेगी एस ओ तल्लीताल मल्लीताल तथा पुलिस टीम व जिला प्रशासन के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया है।

इसके साथ ही सभा ने विभिन्न विभागों व संगठनों व अन्य लोगों के सहयोग के लिए उनका विशेष आभार जताया है।



# वन्देमातरम् के 15 वर्ष पूर्ण होने पर पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में भव्य कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल परिसर में राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियोंए आचार्यों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राष्ट्रभक्ति से ओत.प्रोत वातावरण में सभी ने एक साथ राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का सामूहिक गान किया।

कार्यक्रम में संरक्षक कामेश्वर प्रसाद काला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती विमला अधिकारी, मुखय वक्ता ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट तथा अध्यक्ष के रूप में स्थानीय



विधायक सरिता आर्य उपस्थित रहीं वहीं सत्यापन अधिकारी के रूप में डॉ. नरेंद्र तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सूर्य प्रकाश रहे । विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा योग एवं व्यायाम प्रदर्शन से हुआ। विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं व्यायाम प्रस्तुत किए। योग एवं व्यायाम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ शरीर, अनुशासन, एकता तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुखय आकर्षण ठीक प्रातः 11 बजे वन्देमातरम् का सामूहिक गान रहा। निर्धारित समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, आचार्यों एवं कर्मचारियों ने एक साथ राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साहए अनुशासन एवं गौरव के साथ वन्देमातरम् का सामूहिक गायन किया। मुख्य वक्ता ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट ने कहा कि वन्देमातरम् भारत की राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें तथा अनुशासन, संस्कार और सेवा.भाव को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। विशिष्ट अतिथि विमला अधिकारी ने कहा कि वन्देमातरम् ने देशवासियों में स्वतंत्रता, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विधायक सरिता आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि वन्देमातरम् केवल एक राष्ट्रगीत नहीं बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना का प्रतीक है। सत्यापन अधिकारी डॉ. नरेंद्र ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं निर्धारित गतिविधियों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और जिममेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि वन्देमातरम् भारत की राष्ट्रीय चेतना, मातृभूमि के प्रति सममान और राष्ट्रप्रेम की भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है।कार्यक्रम का सफल सञ्चालन डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी तथा अतुल पाठक ने किया । कार्यक्रम में संयोजक पवन कुमार जोशी, शैक्षिक प्रभारी उमेश शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मनोज भट्ट, शैक्षिक समन्वयक डा. दिनेश नयाल, संजय मिश्रा, निर्पेंद्र, विक्रांत, अमित, दिलीप,रजत कुमार सिंह,ग्राम प्रधान सारियाताल हरगोविंद रावत साहित विद्यालय के सभी आचार्य छात्र तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## News कॉर्नर

### ज्योलीकोट जल जनित रोग प्रकरण:216 लोगों का हुआ हैल्थ चैकअप

**नैनीताल** ।ज्योलिकोट प्रभावित क्षेत्र में जलजनित रोगों की रोकथाम एवं प्रभावित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुखय चिकित्सा अधिकारी डा.रश्मि पंत के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर एवं निगरानी गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा ताकुला में 43, बेलुवाखान में 73 तथा चोपड़ा में 31 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 68 लोगों की जांच की गई। इस प्रकार कुल 216 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीमों द्वारा आवश्यकतानुसार 45 बलड टेस्ट किए गए। इसके साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देते हुए 116 लोगों की काउंसलिंग तथा 18 लोगों को टेली.कंसल्टेंसी की सुविधा मुहैया कराई गई।

# किसके सर सजेगा एमबीपीजी का ताज तय करेगी छात्र शक्ति

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं की छात्र राजनीति के गढ़ और सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव का बिगुल अब पूरी तरह बज चुका है। शुक्रवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी 10 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही कॉलेज परिसर में चुनावी हलचल तेज हो गई।

नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने दावों और जीत के भरोसे के साथ चुनावी मैदान में ताकत दिखानी शुरू कर दी है।कुमाऊं में छात्र राजनीति के गढ़ एमबीपीजी में किसका वर्चस्व होता है यह तो 29 सितंबर को ही पता चलेगा लेकिन हल्द्वानी में ताकत और शक्ति प्रदर्शन का दौर दिखाई दिया है तीनों ही अध्यक्ष पद प्रत्याशी जमकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं।इस बार अध्यक्ष पद में निर्दलीय आर्यन बेलवाल, एबीवीपी प्रत्याशी धीरज बिष्ट और एन एस यू आई प्रत्याशी




मेहुल साह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है और किसके सिर में ताज होगा यह 29 को छात्र शक्ति तय करेगी। एम बी महाविद्यालय के करीब 12 हजार छात्रों ने यह तय करना है वह कैसा नेतृत्व चाहते है। सभी अध्यक्ष प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहें है।

महाविद्यालय में सभी पदों के लिये 80 नामांकन हुये है और कॉलेज प्रसासन और पुलिस ने अपनी तैयारी कर ली है। एबीवीपी के बागी आर्यन बेलवाल बिना जुटे चप्पल के मैदान में और छात्र शक्ति के समर्थन का दावा कर रहें है तो राष्ट्रीय छात्र संगठन के मेहुल साह छात्र हितो के लिये संघर्ष की घोषणा के साथ मैदान में है तो एबीवीपी प्रत्याशी संगठन की विचारधारा और कॉलेज के विकास के नारों के साथ चुनाव में डटे है। अब छात्र शक्ति इनका भविष्य तय करेगी।

# 0001 का ताज छिना, 9999 ने मारी बाजी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गाड़ी वही, लेकिन नंबर ऐसा कि सड़क पर निकलते ही पहचान अलग नजर आए—फैंसी और वीआईपी नंबरों की दीवानगी एक बार फिर आरटीओ की ऑनलाइन नीलामी में खुलकर सामने आई। यूके-04-एयू सीरीज के चुनिंदा नंबरों के लिए खरीदारों ने जमकर बोली लगाई। इस बार सबसे बड़ा उलटफेर उस नंबर के साथ हुआ, जिसे आमतौर पर सबसे खास माना जाता है। 0001 को पीछे छोड़ते हुए 9999 सबसे महंगा नंबर बन गया।

आरटीओ डॉ. गुरदेव सिंह के अनुसार, ऑनलाइन नीलामी में वाहन मालिकों ने पसंदीदा नंबर हासिल करने के लिए लाखों रुपये तक खर्च किए। 9999 के लिए सर्वाधिक 2.31 लाख रुपये की बोली लगी, जबकि 0001 के लिए 2.17 लाख रुपये तक बोली पहुंची।

**0005 और 0007 पर भी खुला खजाना:** नीलामी में केवल 9999 और 0001 ही नहीं, बल्कि कई अन्य नंबरों ने भी खरीदारों की जेब ढीली कराई। 0005 नंबर 1.60 लाख और 0007 नंबर 1.42 लाख रुपये में गया।

**दीवानगी**

- वीआईपी नंबरों के लिए लगी लाखों की बोली, 2.31 लाख में बिका 9999; 0001 भी 2.17 लाख में गया

**नंबर नहीं, पहचान का शौक!**

फैंसी नंबरों की नीलामी ने एक बार फिर दिखा दिया कि कुछ वाहन मालिकों के लिए नंबर महज रजिस्ट्रेशन प्लेट का हिस्सा नहीं, बल्कि गाड़ी की अलग पहचान और रुतबे का प्रतीक बन चुका है। लाखों रुपये खर्च कर पसंदीदा नंबर हासिल करने की होड़ में इस बार 9999 ने 0001 का पुराना दबदबा तोड़ दिया।

वहीं 7777 के लिए एक लाख और 0009 के लिए 95 हजार रुपये तक बोली लगी।

रिपीटेड डिजिट वाले नंबरों का क्रेज भी कम नहीं दिखा। 1111, 3333 और 4444 जैसे नंबरों के लिए 26-26 हजार रुपये तक बोली पहुंची। आरटीओ के मुताबिक कुल 19 प्रमुख फैंसी नंबरों को लेकर ऑनलाइन बोली लगी।

# कुविवि के कामर्स डीन व हेड प्रो. अतुल जोशी को दी सेवानिवृति पर विदाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल स्थित वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी के सेवानिवृति होने पर विभाग में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभाग के गुरुजनों, शोधार्थियों और छात्र छात्राओं ने उन्हें शॉल, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी।

प्रो. जोशी ने वर्ष 1987 से अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू की। राजकीय महाविद्यालय काशीपुर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत और कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में करीब 38 वर्षों तक उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दीं। सेवाकाल के दौरान उन्होंने कई राष्ट्रीय संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। उन्हें इंदिरा गांधी नेशनल अवार्ड-2013, उत्कृष्ट सेवा सम्मान और राहुल सांकृत्यायन अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2019 समेत राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पुरुस्कार समेत कई प्रतिष्ठित सम्मान मिले। प्रो. जोशी ने कई पुस्तकों, शोध लेखों और शोध पत्रों का प्रकाशन किया साथ ही अनेक शोधार्थियों का मार्गदर्शन भी किया। समारोह में वक्ताओं ने उनके सरल, सहज और छात्रप्रिय व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके योगदान को विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण बताया। अपने संबोधन में प्रो. अतुल जोशी ने विश्वविद्यालय परिवार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय उनका परिवार है और वह भविष्य में भी शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करते रहेंगे। इस मौके डॉ. ममता जोशी, डॉ निधि वर्मा, डॉ विनोद जोशी, डॉ हिमानी जलाल, डॉ तेज प्रकाश, डॉ रितिशा शर्मा, डॉ मेराज, डॉ ताबिश, डॉ पंकज भट्ट, अमनदीप कौर, दीक्षा पंत, हिमांशु बिष्ट तथा घनश्याम पालीवाल व बिशन आदि रहे।



### भाजपाईयों का शिष्टमंडल मिला कुविवि के वीसी व रजिस्ट्रार से

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो.सतपाल सिंह बिष्ट तथा नवनियुक्त कुलसचिव प्रो. रितेश साह से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उन्हें बधाँईया और शुभकामनाये दी और आशा व्यक्त की उनके कार्यकाल मे विश्वविदयालय खूब पृगति करेगा और कई समस्याओं का समाधान भी होगा। इस अवसर पर डा. भुवन चंद्र आर्य,अरविन्द सिंह पडियार, आनन्द सिंह बिष्ट, शैलेंद्र बर्गली, खजान सिंह डंगवाल, लाल सिह बिष्ट, प्रकाश नौटियाल, संतोष कुमार, भूपेन्द सिंह बिष्ट व दीपक बिष्ट सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

# कुविवि छात्र संघ चुनाव: कई प्रत्याशियों ने किए पर्चे दाखिल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल व शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ चुनाव के तहत विभिन्न पदों के लिए शुक्रवार को कई प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए।

डीएसबी परिसर नैनीताल में अध्यक्ष पद पर भानु प्रताप सिंह चौहान, शुभम कुमार व हिमांशु आर्य,छात्रा उपाध्यक्ष पद में कुमकुम जोशी, उपाध्यक्ष पद पर कुणाल वेदी व अभिषेक रैकुनी जबकि सचिव पद पर कमल कार्की तथा संयुक्त सचिव छात्रा पर अनुष्का पुरी व गौरी, कोषाध्यक्ष छात्रा पद पर सृष्टि रावत व विदुषी वर्मा, सांस्कृतिक सचिव पद पर हर्षित जोशी जबकि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर तन्मय भंडारी वहीं प्रतिनिधि पद पर कला अनिल कुमार, कॉमर्स में संध्या कापड़ी,विधि में दिव्यांशी व कौशल तथा प्रबंधन में सानिध्य उप्रेती ने नामांकन पत्र दाखिल किए। शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में अध्यक्ष पद हेतु छाया तथा नीमा , उपाध्यक्ष छात्रा पद हेतु पायल, सचिव पद हेतु रितिका गोस्वामी, कोषाध्यक्ष पद हेतु दीपिका तथा विशाखा बुधोडी और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु बबीता करगेती तथा सचिन जोशी ने नामांकन प्रपत्र जमा किए। उपाध्यक्ष छात्र, संयुक्त सचिव, संकाय प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक सचिव पद हेतु किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र जमा नहीं किया।

# कुविवि में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग भीमताल के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. राजेश्वर कमल कांत आर्य तथा मुखय सह.संयोजक मोहमद रिजवान रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. कुमूद उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो. तीरथ कुमार एवं डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला की सक्रिय उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें रैली, वाद.विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने फार्मासिस्ट की सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी भूमिका तथा एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता एवं विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक प्रो. तीरथ कुमार, डॉ. मुकेश लाल साह, प्रिया गुप्ता एवं श्री हृतिक गोस्वामी, प्रो. अर्चना नेगी शाह, सुश्री मनीषा पाठक एवं सुश्री मनीषा जोशी, डॉ. प्रदीप कुमार,डॉ. मयंक पांडेय, प्रो. महेंद्र राणा, डॉ. अरविंद जंतवाल, श्रीमती कोमल चंद्रा, सुश्री सुष्मिता बाला

डॉ. रिशेंद्र कुमार,डॉ. सुनील अरोड़ा, डॉ. बामा प्रसाद दत्ता, डॉ. तनुज जोशी, डॉ. अंकित कुमार नरेश पंत,डॉ. नरेंद्र कुमार,डॉ. अमरप्रीत विर्दी, प्रो. अनिता सिंह, सुश्री चंद्रकांता व ललिता पलड़िया रहे।